# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

**VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN**

(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no. 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)

Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddholwal, Dehradun, Uttarakhand (India)

Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in


पत्रांक–662/VMSBUTU/2025 **महत्वपूर्ण/तत्काल** दिनॉक: 09, जून,2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान,
वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून, उत्तराखण्ड।

**विषयः–** **सम सेमेस्टर 2024–25 परीक्षाओं के Admit Card जारी किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 22, मई, 2025 को सम सेमेस्टर 2024–25 के शैक्षणिक कार्यो का अन्तिम दिवस समाप्त होने के उपरान्त संस्थानो मे अध्ययनरत छात्रों द्वारा भरे गये एवं UMS पर अग्रसारित परीक्षा फार्म तथा विश्वविद्यालय के UMS पर अपलोड की गयी उपस्थिति की संकलित गणना यथा प्रभावी ऑर्डिनेन्स के अनुसार करते हुए संदर्भित परीक्षाओं के प्रवेश पत्र इस शर्त के साथ निर्गत किये गये थे कि संस्थान के निदेशक इन्हें अपने हस्ताक्षरोपरान्त वितरित करने से पूर्व अपने स्तर से सुनिश्चित कर ले कि इन छात्रों द्वारा परीक्षाओं हेतु निर्धारित समस्त अर्हताएं पूर्ण की गयी है।

विगत में कई अवसरों पर दी गयी सूचना, चेतावनी तथा शैक्षणिक आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु समुचित अवसर दिये जाने के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रमवार प्रभावी आर्डिनेन्स के प्राविधानों के अनुसार न्यूनतम उपस्थित न धारित करने वाले छात्रों के प्रवेश पत्र जारी नहीं किये गये है, परन्तु कतिपय संस्थानों द्वारा अपने संस्थान मे अध्ययनरत ऐसे वंचित छात्रों की उपस्थिति अपलोड किये जाने की त्रुटि को 08जून, 2025 (रविवार) को आवेदन कर सुधारने की अपेक्षा विश्वविद्यालय से की गयी थी। इस क्रम में ऐसे छात्रों के संबंध मे अवगत कराना है कि यदि संस्थान के निदेशक परीक्षाओं से वंचित किये गये छात्रों की कक्षाओं में उपस्थिति की गणना में किसी प्रकार की त्रुटि इंगित करते है तो वह ऐसे छात्रों के संबंध में इस आशय का शपथ पत्र (**रू0 100 स्टैम्प पेपर पर** ) संलग्न प्रारूप मे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को तत्काल देंगे कि जिन छात्रों के अनुक्रमाक, नाम, पाठ्यक्रम, सेमेस्टर, ब्रांच आदि शपथ–पत्र में इंगित किये जा रहे है उनके द्वारा विश्वविद्यालय के संदर्भित पाठ्यक्रम की कक्षाओं मे प्रभावी उपस्थिति की न्यूनतम आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाना प्रमाणित किया जाता है। यह शपथ पत्र सबंधित संस्था निदेशक द्वारा स्वयं ही दिये जाने पर विश्वविद्यालय मे मान्य होगा एवं शपथ–पत्र में इंगित छात्रों के शपथ–पत्र के पश्चात परीक्षा समय सारिणी में इंगित आगामी तिथि के विषयों की परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संस्थान के निदेशक की होगी एवं कालान्तर में ऐसे छात्रों के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा समग्रता से जांच कराते हुए न्यूनतम उपस्थिति की पुष्टि होने व निदेशक का शपथ–पत्र मे किया गया दावा सही होने के बाद ही इनके परीक्षाफल घोषित किये जा सकेंगे। किसी प्रकार की विसंगति परिलक्षित होने की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे छात्रों की परीक्षाएं निरस्त करते हुए संस्थान के विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी तथा इस संबंध मे कोई पत्राचार स्वीकार नही किया जायेगा।

कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए आगामी परीक्षाओं को सुचारू से संचालित करते हुए महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–शपथ पत्र प्रारूप।**

भवदीय,

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

**संख्या व दिनांक तदैवः–**

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को सूचनार्थ।
3. वित्त नियत्रंक, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को सूचनार्थ।
4. वेबमास्टर, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय से समस्त सम्बद्ध व परिसर संस्थाओं को प्रेषित करें एवं वेबसाइट पर भी अपलोड करे।
5. यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

# शपथ–पत्र

सक्षम अधिकारी– परीक्षा नियंत्रक, वीर माधों सिंह भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून

मैं (निदेशक / प्राचार्य का नाम ) निदेशक / प्रधानाचार्य................ (संस्थान का नाम) .................................. संस्थान का शपथ पत्र निम्न प्रकार प्रस्तुत करता हूँ:–

1. यह कि (संस्थान का नाम)............................................... संस्थान,.जनपद का नाम में अध्ययनरत निम्न छात्रों के प्रवेश पत्र परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल पर प्रभावी ऑडिनेन्स के अनुसार निर्धारित अर्हता पूरी न होने के कारण निर्गत नहीं किये गये है, जिनका विवरण निम्नवत है:–

| SN | Semester | Name of Students | Course /Branch | Roll No |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |

2. यह कि उपरोक्त छात्रों की उपस्थिति संबंधित त्रुटि की पुष्टि मेरे निदेशक / प्रधानाचार्य द्वारा की गई है।
3. यह कि उपरोक्त छात्रों के प्रवेश पत्र शपथ–पत्र जमा किये जाने के उपरान्त आगामी विषय के परीक्षाओं हेतु निर्गत किया जाए जिस आशय का यह शपथ–पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।
4. यह कि इस शपथ–पत्र में कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है और न ही गलत बयान किया गया है तथ्यों के छिपाये जाने, गलत बयान किये जाने का उपरोक्त के संबंध में विसंगतियों पाये जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी निदेशक / प्रधानाचार्य की होगी।
5. उक्त छात्रों की उपस्थिति का समग्र विवरण परीक्षा समाप्ति के एक सप्ताह के अन्दर विश्वविद्यालय को मूल अभिलेख एवं साक्ष्य सहित उपलब्ध कराया जायेगा जिसकी विश्वविद्यालय स्तर से पुष्टि होने के उपरान्त ही परीक्षाफल घोषित किये जाये। न्यूनतम उपस्थिति न होने की दशा में परीक्षाफल घोषित न किये जाने पर संस्था /छात्र द्वारा कोई दावा नहीं किया जायेगा एवं उनकी परीक्षायें निरस्त मानी जायेगी।

मैं (निदेशक / प्राचार्य का नाम ) निदेशक / प्रधानाचार्य................. संस्थान का नाम............................................ .....निदेशक संस्थान शपथकर्ता उपरोक्त इस शपथ–पत्र में वर्णित पैरा 01 से 05 को अपने निजी ज्ञान व विश्वास से सही एवं सत्य होना घोषित करता हूँ।

( )

निदेशक / प्रधानाचार्य

संस्थान का नाम ................